MY CITY
माय सिटी
14
राजस्थान पत्रिका
झुंझुनूं, मंगलवार,02 सितम्बर 2025

# बिट्स में भारतीय सेना के अधिकारी सीखेंगे प्रबंधन के गुर



पिलानी. कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**पिलानी.** बिट्स में सेना के चयनित जूनियर कमीशंड ऑफिसर्स तथा नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण में सेना के अधिकारी बिट्स संस्थान में रहते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, इन्वेंटरी मैनेजमेंट तथा अकाउंटिंग के गुर सीखेंगे। 13 सितम्बर तक चलने वाले प्रशिक्षण में सेना की विभिन्न कमांड्स से आए 50 अधिकारी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में संस्थान के वाइस चांसलर प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने भारतीय सेना और अकादमिक संस्थानों के बीच ज्ञान-साझेदारी पर चर्चा करते हुए सेना के अधिकारियों को मिलने वाले बल के बारे में बताया। संकाय सदस्य सेना के अधिकारियों को आधुनिक प्रबंधन, अकाउंटिंग और तकनीकी दक्षताओं से सशक्त बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दे रहे हैं। उन्होनें कहा कि इस प्रयास से सेना की संगठनात्मक क्षमता को और मज़बूती मिलेगी। कर्नल सौम्यब्रत चक्रवर्ती रजिस्ट्रार बिट्स ने कार्यक्रम में शामिल विषय, जैसे कि इन्वेंटरी मैनेजमेंट और अकाउंटिंग, सेना के लॉजिस्टिक और सपोर्ट ऑपरेशनों को और प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण का उद्देश्य सेना के अधिकारियों को इन्वेंटरी प्रबंधन, लेखा-व्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक प्रबंधन तकनीकों का गहन प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण सत्रों में केस स्टडी, समूह चर्चा, आईटी टूल्स का अभ्यास और वित्तीय प्रबंधन कार्यशालाएँ शामिल की गई हैं, ताकि प्रतिभागी न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करें बल्कि उसे अपने कार्यक्षेत्र में व्यावहारिक रूप से लागू भी कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम बिट्स के प्रबंधन विभाग और यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। बिट्स निदेशक प्रो. सुधीरकुमार बराई, शैक्षणिक रूपरेखा तैयार करने में प्रो. श्रीकांत राउत्रॉय (प्रमुख, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग), प्रो. सत्येन्द्र कुमार शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर, प्रबंधन विभाग), और प्रो. सौरभ चढ़ा (एसोसिएट प्रोफेसर, प्रबंधन विभाग) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।